एनएसएस ने की विवि में सफाई

आरा. एनएसएस के स्वयंसेवकों ने जीरो माइल स्थित वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के नूतन परिसर में 11 बजे से प्रति कुलपति प्रो डॉ नंदकिशोर शाह के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया. इस दौरान नूतन परिसर के परीक्षा विभाग से लेकर शिक्षा विभाग तक सफाई का कार्यक्रम चला. विभिन्न महाविद्यालयों राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने अलग-अलग टोली बनाकर सफाई की. कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस के वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ राजीव कुमार ने किया. वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ कुमार कौशलेंद्र, समन्वयक, परीक्षा विभाग, रमन कुमार, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना के सुरेश कुमार, संजय तिवारी एवं विभिन्न महाविद्यालय से आये स्वयंसेवक आशीष कुमार, निभा कुमारी, रूपा कुमारी , सोनी कुमारी, प्रत्यक्षा सोनाली, हरिष राज, निखिल प्रसाद, अनूप, सनोज कुमार, पायल सिंह, विवेक कुमार, गोल्डन कुमार, ऋतुराज, अक्षय कुमार, चंदन कुमार आदि ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया.

अभियान में शामिल शिक्षक स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाएं .

15. 02. 2020 स्वच्छता अभियान